ज्ञाप क्र.–3323067/छ.ग./2016/
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

दिनांक 26 /08/2017

**प्रति,**

संचालक,
सूचना एवं जन संपर्क विभाग,
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

**विषय :–** जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर नियुक्ति हेतु काउंसलिंग के संबंध में विज्ञप्ति जारी करने बाबत्।

---000---

विषयांतर्गत, लेख है कि जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर द्वारा चयन परीक्षा आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम दिनांक 02/05/2017 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम के अनुसार मेरिट आधार पर अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच किये जाने हेतु दिनांक 24/07/2017 से 26/07/2017 तक प्रथम काउंसलिंग पश्चात् द्वितीय चरण की काउंसलिंग दिनांक 11/09/2017 को की जानी है, जिसका विज्ञापन प्रारूप, प्रेस विज्ञप्ति एवं बायोडाटा फार्मेट संलग्न है।

कृपया छत्तीसगढ़ राज्य के सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं "रोजगार और नियोजन" समाचार पत्र में संलग्न विज्ञापन प्रारूप एवं बायोडाटा को तत्काल प्रकाशित कर इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

**सहपत्र :–** विज्ञप्ति प्रारूप और बायोडाटा फार्मेट (10 सेट)।

**प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

**पृ.क्र. 3323067/छ.ग./2016/** 13278 **दिनांक** 26 **/08/2017**

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त कलेक्टर छ.ग., कलेक्टर ............................ जिला (छ.ग.) को सूचनार्थ।
4. समस्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ ..........................................................................
5. समस्त अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ ..........................................................................
6. समस्त कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ ..........................................................................
7. नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल, जल संसाधन विभाग, रायपुर की ओर सूचनार्थ। कृपया काउंसलिंग हेतु उपरोक्त तिथि में रायपुर ट्रेनिंग सेंटर, ओ.सी.एम. चौक, रायपुर में आवश्यक व्यवस्था करें।
8. कार्यपालन अभियंता, एम.आई.एस. कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छ.ग. रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने की व्यवस्था करें। उपरोक्त बिंदु क्र. 03 से 06 में उल्लेखित कार्यालयों को ऑनलाईन सुचित करें एवं काउंसलिंग हेतु निर्धारित सूची में उल्लेखित सभी अभ्यार्थियों को उनके द्वारा दिये गये ई–मेल पर सूचित करने की कार्यवाही करें।
9. सुपरवाईजर, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छ.ग. रायपुर को कार्यालयीन नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।

**सहपत्र :–** उपरोक्तानुसार।

**प्रमुख अभियंता** 26.8.17
**जल संसाधन विभाग**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर नियुक्ति हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग

:: विज्ञापन ::

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर द्वारा दिनांक 05.03.2017 को चयन परीक्षा आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम दिनांक 02.05.2017 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् विज्ञप्ति में दी गई कंडिकाओं के अनुरूप मेरिट आधार पर, परीक्षा उत्तीर्ण किये गये अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण–पत्रों की जांच किये जाने हेतु दिनांक 24.07.2017 से 26.07.2017 तक प्रथम चरण की काउंसलिंग पश्चात्, द्वितीय चरण की काउंसलिंग की जानी है। अभ्यार्थी संलग्नानुसार बायोडाटा, परीक्षा का प्रवेश–पत्र (Admit card), स्थायी जाति प्रमाण–पत्र, मूल निवास प्रमाण–पत्र, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, जन्म तिथि प्रमाण–पत्र, हाई स्कूल (10वीं), आयु में छूट संबंधी प्रमाण–पत्र, हायर सेकेण्ड्री (12वीं) एवं उच्च शिक्षा संबंधी अंकसूची के मूल प्रमाण–पत्र सहित एवं उनकी एक–एक सत्यापित छायाप्रति सहित दिनांक 11.09.2017 को सुबह 10.30 बजे से सायं: 5.30 बजे तक रायपुर ट्रेनिंग सेंटर, ओ.सी.एम. चौक, रायपुर में उपस्थित होवें। किसी भी वांछित प्रमाण पत्र के अभाव में अभ्यार्थी को काउंसलिंग में प्रवेश नहीं दिया जावेगा। निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यार्थी के प्रकरण पर पुनः विचार नहीं किया जावेगा, जिसके लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे, इसके लिये उन्हें पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

काउंसलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यार्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। काउंसलिंग में वांछित संख्या में अभ्यार्थी मेरिट क्रम में उपलब्ध हो जाने पर आगे की काउंसलिंग की कार्यवाही नहीं की जावेगी। काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद या समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी को होगा।

26.8.17
प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

द्वितीय चरण की काउंसलिंग की जानकारी

**जल संसाधन विभाग मे "अमीन" पद पर भर्ती हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग कार्यक्रम**

**स्थान–** रायपुर ट्रेनिंग सेंटर, ओ.सी.एम. चौक, रायपुर ,समय–सुबह 10.30 से सांयः 05.30 बजे तक

| स.क्र. | काउंसलिंग हेतु निर्धारित वर्ग | काउंसलिंग दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित मुक्त वर्ग (संभावित पदों की संख्या 11 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 51 से 80 (स.क्र. 51 से 69 तक के अ.पि.व. को छोड़कर) | दिनांक–11 / 09 / 2017<br>समय–सुबह 10:30 से सायं 05:30 बजे तक |
| 2 | अनारक्षित वर्ग महिला (संभावित पदों की संख्या 04 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 486 से 706<br>ii) संयुक्त प्राविण्य सूची महिला वर्ग स.क्र. 26 से 37 | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति मुक्त वर्ग (संभावित पदों की संख्या 06 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 2811 से 3240<br>ii) अ.ज.जा. वर्ग में प्राविण्य सूची स.क्र. 54 से 71 | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग (संभावित पदों की संख्या 08 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 6413 से 8093<br>ii) अ.ज.जा. वर्ग में प्राविण्य सूची स.क्र. 231 से 363<br>iii) अ.ज.जा. वर्ग में महिला प्राविण्य सूची स.क्र. 29 से 50 | |
| 5 | अन्य पिछडा वर्ग मुक्त वर्ग (संभावित पदों की संख्या 10 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 72 से 100<br>ii) अन्य पिछड़ा वर्ग प्राविण्य सूची स.क्र. 46 से 63 | |
| 6 | अन्य पिछड़ा वर्ग महिला (संभावित पदों की संख्या 04 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 733 से 1110<br>ii) अ.पि.व. वर्ग में प्राविण्य सूची स.क्र. 451 से 695<br>iii) अ.पि.व. वर्ग में महिला प्राविण्य सूची स.क्र. 23 से 35 | |
| 7 | अनुसूचित जाति मुक्त वर्ग (संभावित पदों की संख्या 03 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 889 से 1065<br>ii) अ.जा. वर्ग में प्राविण्य सूची स.क्र. 31 से 40 | |
| 8 | अनुसूचित जाति महिला मुक्त वर्ग (संभावित पदों की संख्या 05 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 4123 से 5544<br>ii) अ.जा. वर्ग में प्राविण्य सूची स.क्र. 270 से 408<br>iii) अ.जा. वर्ग में महिला प्राविण्य सूची स.क्र. 17 से 30 | |
| 9 | भूतपूर्व सैनिक हेतु (संभावित पदों की संख्या 10 प्रतीक्षा सूची सहित)<br>i) भूतपूर्व सैनिक अ.ज.जा. वर्ग (07 पद), संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 163 से 219<br>ii) भूतपूर्व सैनिक अ.जा. वर्ग (03 पद), संयुक्त प्राविण्य सूची स.क्र. 134 से 197 | |

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर
नियुक्ति हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर द्वारा दिनांक 05.03.2017 को चयन परीक्षा आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम दिनांक 02.05.2017 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् विज्ञप्ति में दी गई कंडिकाओं के अनुरूप मेरिट आधार पर, परीक्षा उत्तीर्ण किये गये अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन हेतु दिनांक 11.09.2017 को द्वितीय चरण की काउंसलिंग का आयोजन रायपुर ट्रेनिंग सेंटर, ओ.सी.एम. चौक, रायपुर में सुबह 10:30 से 05:30 बजे तक किया गया है। इसकी सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को उनके ई–मेल पर दी गई है। काउंसलिंग के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in पर उपलब्ध है।

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

# जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर नियुक्ति हेतु द्वितीय चरण की कांउसलिंग

## अभ्यार्थी का बायोडाटा फार्मेट

वर्तमान स्थिति का पासपोर्ट साईज फोटा चस्पा करें (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम | – | |
| 2 | पिता / पति का नाम | – | |
| 3 | जन्म तिथि | – | |
| 4 | दिनांक 01.01.2017 को आयु | – | |
| 5 | लिंग (पुरूष / महिला) | – | |
| 6 | वैवाहिक स्थिति (विवाहित / अविवाहित ) | – | |
| 7 | विवाहित होने की स्थिति में, विवाह की तिथि | – | |
| 8 | (i) विवाहित पुरूष अभ्यर्थी हेतु – क्या आपकी एक से अधिक पत्नी जीवित है (हां / नहीं)<br>(ii) विवाहित महिला अभ्यर्थी हेतु – क्या आपके पति की अन्य पत्नी भी जीवित है (हां / नहीं) | – | |
| 9 | वर्तमान तथा स्थायी पता | – | |
| 10 | दूरभाष क्र. | – | |
| 11 | श्रेणी (सामान्य / अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / विकलांग / भू.पू.सै.) | – | |
| 12 | छत्तीसगढ़ का मूल निवासी (हां / नहीं) | – | |
| 13 | शैक्षणिक योग्यता का विवरण | – | |
| 14 | अमीन भर्ती परीक्षा में अनुक्रमांक (रोल नं.) | – | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | Application No. | — | |
| 16 | संयुक्त प्रावीण्य सूची में रैंक (Rank) | — | |
| 17 | महिला रैंक (Rank) | — | |
| 18 | वर्ग जिसके लिए आवेदन किया गया है, में प्रावीण्य रैंक (CAT Rank) | — | |
| 19 | रोजगार कार्यालय का नाम, जीवित पंजीयन क्र. एवं दिनांक | — | |
| 20 | उच्चतर आयु सीमा में छूट (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. गैर क्रीमीलेयर) संबंधी विवरण | — | |
| 21 | उच्चतर आयु सीमा में छूट (पुरूष/महिला) | — | |
| 22 | छ.ग. शासन के स्थायी/अस्थायी शासकीय सेवक, राज्य/निगम/मण्डल के कर्मचारी, छटनी किया गया शासकीय सेवक (हां/नहीं), छटनी का दिनांक ............ | — | |
| 23 | विभागीय अभ्यार्थी को परीक्षा/चयन हेतु नियुक्ति अधिकारी की अनुमति (हां/नहीं) | — | |
| 24 | परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत ग्रीनकार्ड धारक (हां/नहीं) | — | |
| 25 | अस्पृश्यता निवारण नियम 1984 के अधीन अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपति (हां/नहीं) | — | |
| 26 | शहीद राजीव पांडे सम्मान/गुण्डाधुर सम्मान/महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान/राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (हां/नहीं) | — | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | स्वयंसेवी नगर सैनिक / नगर सेना के नाम कमिशंड अधिकारी (हां / नहीं) | — | |
| 28 | संतानों की संख्या एवं उनकी जन्म तिथि | — | |
| 29 | न्यायालय में कोई मामला लंबित है (हां / नहीं) | — | |
| 30 | संलग्नों की सूची क्रमशः – 10वीं, 12वी., डिग्री / डिप्लोमा, एडमिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (स्थायी जाति प्रमाण पत्र), विकलांग / भूतपूर्व सैनिक, मूलनिवास, रोजगार पंजीयन, आयु में छूट, अन्य प्रमाण पत्र, ................................, ........................................ | — | |

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता / करती हूं कि आवेदन पत्र / बायोडाटा में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्यपूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूं। मुझे जानकारी है, कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य एवं अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है। इसमें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिये मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा / रहूंगी एवं इस आधार पर मुझे कोई नोटिस दिये बिना, एकतरफा कार्यवाही करते हुए मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है।

**दिनांक :–** **आवेदक के हस्ताक्षर**

**टीप :–** अभ्यार्थी, उपरोक्त बायोडाटा के स.क्र. 30 में दिये गये संलग्नों के विवरण अनुसार, समस्त प्रमाण पत्रों / अभिलेखों की मूल प्रति एवं उनकी एक–एक अभिप्रमाणित छायाप्रति काउंसलिंग में अनिवार्य रूप से साथ लेकर आवें।